तरुण एजेंसी
(A Tradding Division V.M.T.C. Pvt. Ltd.)
सभी प्रकार की भवन निर्माण सामग्री
सप्लायर :- सावरिया सेनेटरी वेयर, वाल टाईल्स,फ्लोर टाईल्स, ग्रेनाइट्स, कड़प्पा स्टोन, मार्बल, एस.डब्ल्यू.आरपाईप फिटिंग, सी.पी. बाथरूम फिटिंग, कामधेनुपेन्ट, एशियन पेन्ट्स, सिन्टेक्स वाटर टेंक, सेरामिक्स,वाल पुट्टी आदि
प्रवीण ठाकरे 9826597709 8989904405
पता:- तरुण काम्प्लेक्स, आई.टी.आई. के पास ईटारसी रोड, सदर, बैतूल (म.प्र.)


# दैनिक मत मतान्तर

सर्वाधिक प्रसारित

वर्ष 2000 से निरंतर......

संपादक : बलवंत धोटे | प्रधान संपादक : प्रवीण गुगनानी | संस्थापक : पं. प्रमोद दुबे | उपसंपादक : सतीश पटने | स्थानीय संपादक : पंकज धोटे


खेत बेचना है
ग्राम हिवरा तह. आठनेर
3.5 एकड़, मेन रोड डामर टच, नएगांव हिवरा रोड
सम्पर्क करें: सोनू राठौर-9424462210
अमित राठौर- 9425008195

डाक पं.क्र. छत्तीसगढ. सी.ओ. रायपुर. 113-008.2003. छ.ग. R.N.I.No. MPHIN/2000/3414 गुरुवार 26 अक्टूबर 2023 अंक- 127 वर्ष-24 पृष्ठ- 4 :: मूल्य-1 ₹

## हेमंत खंडेलवाल 30 को भरेंगे नामांकन



बैतूल। बैतूल विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी बनाए गए पूर्व सांसद-पूर्व विधायक हेमंत खण्डेलवाल 30 अक्टूबर को भाजपा कार्यकर्ताओं और भाजपा नेताओं के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

## 27 को शाहपुर आएंगे कमलनाथ



बैतूल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ 27 अक्टूबर दिन शुक्रवार को शाहपुर आएंगे। सुबह 11 बजे वे राहुल उइके के पक्ष में एक विशाल आमसभा ...शेष पेज 2 पर




सहमति बनाकर मुलताई...

# सहमति बनाकर मुलताई को बनाएंगें जिला: शिवराज

### भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर देशमुख के पक्ष में की विशाल जनसभा









### ताप्ती मंदिर पहुंचकर शिवराज सिंह ने मां ताप्ती का लिया आशीर्वाद

**दैनिक मत ⏮ बैतूल**

मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को जिले की मुलताई विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर देशमुख के पक्ष में हाई स्कूल ग्राउंड पर विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुलताई को जिला बनाने के लिए मै सहमति देता हूँ। हम सभी की सहमति से मुलताई को जिला बनाने के पक्ष मे है। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार आती है तो कमलनाथ खाली खजाने का बहाना बनाकर हाथ खडे कर देते है ऐसा मुख्यमंत्री किसी काम का नही होता। मॉ ताप्ती के आशीर्वाद से मै कहने का साहस रखता हूँ कि पैसो की कोई कमी नही है। 10 तारिख आ रही है कांग्रेसी उल जूलूल टवीट कर रहे है लेकिन राशी आएगी।

जलने वाले जलते रहे आप का मामा बेटियों और बहनों को कभी मजबूर नही रहने देगा। लाडली बहना योजना दुनिया की सबसे बडी योजना है। जिसके तहत प्रतिमाह एक हजार की मदद भी सरकार के लिए 15 हजार करोड प्रतिमाह है। बावजूद बहनों को मजबूत बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। क्योकि हम सरकार नही चलाते परिवार चलाते है।

भाजपा सरकार ने निकाय चुनावों में महिलाओं के नेतृत्व को निखारने के लिए आरक्षण की व्यवस्था करी है। वही किसानो के खाते में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहा 6 हजार रू.प्रतिवर्ष पहुंचा रहे है तो वही मध्यप्रदेश सरकार भी 6 हजार रू. सालाना किसानों को सम्मान के रूप में दे रही है। इस तरह किसानो को भी साल के 12 हजार रू.की मदद मिलती है। जिले मे जितने भी डेम बने है वह सब भाजपा सरकार मे बने है जहा सिंचाई के लिए दिक्कत है वह दूर की जाएगी। श्री चौहान ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कमलनाथ ने तीर्थ दर्शन यात्रा बंद कर दी थी अगर दोबार उसे मौका मिला तो ना लाडली रहेगी ना बहना रहेगी ना योजना रहेगी। इस बार का चुनाव हम अकेले नही लडेगें जनता हमारे पक्ष मे लडेगी बहनो को निकलना पडेगा भांजो को निकलना पडेगा। अपने बच्चो के भविष्य के लिए प्रदेश के कल्याण के लिए भाजपा को चुनना जरूरी है वहीं जन सभा की शुरूवात से पहले श्री चौहान ने मां तासी मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। जन सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने मुलताई मे तासी लोक बनाने की बात कही तो पूरे पांडाल में मॉ तासी के जयकारे गुजने लगें। जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद दुर्गादास उइके ने कहा कि 2013 से 2018 तक मुलताई में विकास की ईबारत लिखी गई आज जब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ रहा है वहीं लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश को स्वर्णीम ...शेष पेज 2 पर

# 50 लाख के जेवरात जब्त

### एसएसटी टीम की शाहपुर एवं जीआरपी की ट्रेन में कार्रवाई

**दैनिक मत ⏮ बैतूल**

अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए जिले की सीमाओं पर चुनाव आयोग के निर्देश पर बेरियर बनाए जाकर एसएसटी टीम तैनात की गई है जो लगातार आने-जाने वालों के ऊपर नजर रखकर चेकिंग कर रही है जिसमें सोने-चांदी के जेवरात, नगद रूपए बरामद हो रहे हैं, बुधवार भी सारनी में एसएसटी टीम ने एक कार चेकिंग में 19 किलो चांदी एवं 300 ग्राम सोना बरामद किया वहीं जीआरपी ने 12 लाख की चांदी बरामद की है।

सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोशन जैन के मार्गदर्शन में संपूर्ण क्षेत्र में संघर्न्य जांच का ...शेष पेज 2 पर

## कार से अंग्रेजी शराब जब्त

भैंसदेही थाना अंतर्गत जनोना बेरियर पर एसएसटी बल एवं थाना पुलिस द्वारा एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। वहीं चालक सुनील के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है। महाराष्ट्र निवासी यह युवक अवैध रूप से अंग्रेजी शराब कार में लेकर जा रहा था। पुलिस के मुताबिक कार क्रमांक एमएच05 बीएल 3964 से अंग्रेजी शराब करीब 21 लीटर मिली है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अंजना धुर्वे, दिनेश सोनी, अवधेश वर्मा, प्रमोद कैलाश, राम कुमार, विवेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसएसटी टीम द्वारा जिले भर में शराब पकड़ी जा रही है।

## दुराचार के आरोपी को 20 एवं सहयोगी को 10 वर्ष की कैद

**दैनिक मत ⏮ बैतूल**

अनन्य विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) 2012 बैतूल ने घर में घुसकर नाबालिग युवती के साथ बार-बार बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना तथा उसका सहयोग कर दुष्प्रेरण करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है।

प्रकरण में शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी एसपी वर्मा व वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/अनन्य विशेष लोक अभियोजक ओमप्रकाश सूर्यवंशी द्वारा पैरवी की गई।

इस प्रकरण में आरोपी अमन को दोषी पाते हुए धारा 450 भादवि में 04 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2,000 रू. जुर्माना, धारा 506 भादवि में 02 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1,000 रू. जुर्माना तथा धारा 5(एल)/6पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5,000 रू. के जुर्माने से दण्डित किया ...शेष पेज 2 पर

## सुबह तक हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

बैतूल। नवरात्रि पर्व पर नौ दिनों तक शक्ति की आराधना की गई। कल दसवें दिन प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। शहर के कई स्थानों से विसर्जन जुलूस निकाले गए। कल सुबह से लेकर आज सुबह तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। विसर्जन जुलूस में श्रद्धालु जमकर झूमते नजर आए। दशहरा पर्व पर अखाड़ों के पहलवानों ने भी लल्ली चौक करतब दिखाए। विसर्जन जुलूस देखने के लिए लल्ली चौक पर भारी भीड़ उमड़ी थी। प्रशासन ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। बताया जा रहा है कि टिकारी में स्थापित की गई महाकाली की प्रतिमा का विसर्जन सुबह किया गया।

न्यू गुडविल डिपार्टमेंटल स्टोर्स
अब नई जगह नए स्वरूप में
पुराना सामान लाईए, नया ले जाइए
अलमारी, कूलर, पंखा, कुर्सी, टेबल/फर्नीचर, आरओ, मिक्सर ग्राइंडर, गैस चूल्हा, क्राकरी आदि उपलब्ध है।
अलमारी, कूलर, पंखा, कुर्सी, टेबल/फर्नीचर,आरओ, मिक्सर ग्राइंडर, गैस चूल्हा, क्राकरी आदि उपलब्ध है।
न्यू गुडविल डिपार्टमेंटल स्टोर्स
गुडविल काम्पलेक्स के बाजू में, कोठी बाजार बैतूल,मोबा. 9425003609

ब्रांडेड एवं नॉन ब्रांडेड फुटवेयर की सम्पूर्ण रेंज
ब्रांड: स्केचर्स, पूमा, एडीडास, वुडलेंड, लखानी, रेडचीफ एवं इत्यादि
SKECHERS FOOTWEAR
PUMA
RED CHIEF
adidas
Lakhani SHOES
WOODLAND
आहुजा फुट वेयर मॉल
सीमेंट रोड कोठीबाजार बैतूल
आहुजा शू गार्डन
बस स्टैंड के सामने कोठी बाजार बैतूल, मोबा. 9340222730

बैतूल शहर के सबसे पुराने और भरोसेमंद सीमेंट, सेनेटरी एवं टाईल्स विक्रेता
अभय जनरल एजेंसी
AGA
ABHAY GENERAL AGENCY
अब नए शोरूम में
जहां आपको मिलेगा
प्रीमियम क्वालिटी सेनेटरी वेयर, ब्रांडेड फ्लोर, वॉल, बाथरूम, किचन, पोर्च, एलीवेशन टाईल्स
एसीसी सीमेंट, रामको सीमेंट शीट, CP फिटिंग्स, CPVC, UPVC, PVC पाईप्स एंड फिटिंग
आपके सपनों के घर के निर्माण में आपके साथी
पता: बीजासनी माता मंदिर के सामने, गंज बैतूल
प्रो.प्रा. संदीप माहेश्वरी, 9425002663, 8319037539

GUPTA MALL
BALMUKUND GUPTA
गुप्ता मॉल
कम दाम में उच्च क्वालिटी का सामान...
6 TO 70% OFF
फ्री होम डिलेवरी
पता - गुप्ता मॉल चौराह, गंज बैतूल (म.प्र.)
89891-12828 95638-95639
UPTO 60% OFF SALE
अब आपके लिए लाएँ है...
एक्सचेंज ऑफर
पुराना लाओं... नया ले जाओं...
*शर्तें लागू
LG Livpure SAMSUNG LLOYD HAVELLS Godrej GEM VOLTAS A TATA Product Whirlpool

Created by demo-version of Universal Document Converter. Full version doesn't add this stamp. WWW.PRINT-DRIVER.COM

# सम्पादकीय

## संकट में सहयोग

भारत ने संकटग्रस्त फिलिस्तीन को दवा और आपदा राहत सामग्री की खेप भेज कर एक बार फिर यही साबित किया है कि वह मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों का पक्षधर है। जब भी किसी देश में इस तरह का कोई संकट खड़ा हुआ है, भारत ने वहां मदद का हाथ बढ़ाया है। कोरोना काल में जब दुनिया के अनेक देशों को दवाओं और टीके की जरूरत थी, भारत ने उन्हें खुले हाथों मदद पहुंचाई। फिलिस्तीन के साथ तो भारत का सदा सदाशयतापूर्ण संबंध रहा है। वह फिलिस्तीन की संप्रभुता और लोकतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में खुल कर बोलता रहा है। हालांकि जब इजरायल पर हमास का हमला हुआ, तब भारत ने इजरायल के साथ खड़े रहने का एलान कर दिया, जिसे लेकर एक अजीब तरह का वातावरण बना कि भारत ने अपनी परंपरागत पक्षधरता बदल दी है। मगर जब गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमला हुआ, जिसमें करीब पांच सौ लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए, तब प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से फोन पर बात करके संवेदना प्रकट की और उन्हें हर मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। उस आश्वासन को पूरा करते हुए दवा और आपदा राहत सामग्री की पहली खेप रवाना भी कर दी गई है। राहत सामग्री की खेप भेज कर भारत ने अब स्पष्ट कर दिया है कि फिलिस्तीन के मूल अधिकारों को लेकर उसके पक्ष में कोई बदलाव नहीं आया है। प्रधानमंत्री ने कुछ दिनों पहले कहा भी था कि फिलिस्तीन की संप्रभुता बहाल होनी चाहिए, उसके हक की जमीन उसे मिलनी ही चाहिए। यह ठीक है कि इजरायल के साथ भारत की नजदीकी पिछले कुछ समय से बढ़ी है और तकनीकी आदि मामलों में वहां से सहयोग भी मिला है। मगर फिलिस्तीन और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष में अगर भारत केवल कुछ व्यापारिक संबंधों की वजह से इजराइल के साथ खड़ा होता।

श्री गणेशाय नमः
**अंकुरित आहार परिवार बैतूल**
दिनांक 25/10/23
9425002929,9425304314, 09302375712,,7354104631

**आज के लाभार्थी**

1. श्रीमती खुशी शशांक भाटिया के जन्मदिन पर भाटिया परिवार द्वारा।
2. स्व. मोतीलाल जी गोठी की स्मृति में श्री जयंतीलाल गोठी एवं परिवार के सौजन्य से।

### कृषि मंडी बैतूल से बाजार भाव

दिनांक 25/10/2023

| उपज का नाम | कुल विक्रय की मात्रा (बोरे) | भाव (रूपए प्रति क्विंटल) न्यूनतम | उच्चतम | प्रचलित |
|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन | 1595 | 4101 | 4951 | 4760 |
| चना | 14 | 5024 | 5291 | 5041 |
| मक्का | 3878 | 1400 | 2011 | 1950 |
| गेहूं | 603 | 2478 | 2630 | 2541 |
| सरसो/राई | | | | |
| बटना | | | | |
| मूंग | | | | |

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

### सहमति बनाकर मुलताई...

प्रदेश बनाने के पुख्ता प्रयास किए है मुलताई के कांग्रेस विधायक पर हमला करते हुए श्री उइके ने कहा कि यहा के विधायक ने पांच साल क्या किया। यह पुछना जरूरी है जिनके पास कभी दो चार एकड जमीन थी वह आज पांच सौ करोड के मालिक बताए जा रहे है। यह सवाल भी जनता को करने की जरूरत है। जनसभा को संबोधित करते हुए मुलताई के भाजपा प्रत्याशी सहज, सरल, सुलभ चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से भाजपा ने मुझे पुनः प्रत्याशी बनाया है क्षेत्र में कुछ जगह सिंचाई की जरूरत है। वह भी पूरा करना मेरी प्राथमिकता मे है। जनसभा का संचालन जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने किया । मुलताई जनसभा में मंच पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा मुलताई विधानसभा प्रत्याशी चंद्रशेखर देशमुख,सांसद डीडी उईके, बैतूल भाजपा प्रत्याशी हेमंत खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, जिला महामंत्री कमलेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल कुशवाह, विधानसभा संयोजक जगदीश पवार, मनीष माथनकर, प्रह्लाद साहू, वर्षा गढ़ेकर, भास्कर मगरदे, गणेश साहू,विजय घोड़की,राजेश सोनारे, राजेश हिंगवे, परसराम खाकरे सहित भाजपा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

**आम आदमी पार्टी छोड ली भाजपा की सदस्यता:** इस सभा में आम आदमी पार्टी से भारी संख्या में महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की जिनमें पूजा आशीष पाटिल, जमुना गोलू घागरे, अनीता प्यारेलाल घागरे, वर्षा वामन पठाढे, नेहा विजय राजूरकर, कुसुम नवीन अग्रवाल ,गंगा अजीत देशमुख ,भारती सुरेश बुवाड़े ,संतोषी सुरेश गोहिते, रेखा नागलें, पिंकी देवेंद्र ठाकुर, प्रमिला गोहीते ,संगीता गौतम पाटिल, मीरा मुन्नालाल कुलकर्णी, शोभा हरि पाटिल, पूजा लोखंडे, किरण पिंटू खपड़िया, सरिता माणिक पाटिल,मीना जाटव, नीलम जाटव, कविता मालवी, लीला गुलबाके, बेला बाई धांधू हजारे, रोशनी हरीश पंडोले, कविता पवार सहित महिलाओं ने भाजपा सदस्य ग्रहण की।

### 27 को शाहपुर...

को संबोधित कर विधानसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष हेमन्त वागद्रे ने बताया कि आमसभा में पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, घोड़ाडोंगरी विधायक ब्रह्मा भलावी, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह, भैंसदेही विधायक धरमू सिंह सिरसाम, बैतूल विधायक निलय डागा, प्रदेश महासचिव एवं बैतूल जिला प्रभारी चंद्रिका प्रसाद व्दिवेदी, प्रदेश महासचिव समीर खान, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, प्रदेश सचिव तिरुपति एरुलू एवं मनोज आर्य जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) सुनील शर्मा सहित सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सभी प्रकोष्ठ, ब्लाक, मण्डलम, सेक्टर बूथ के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे। आम सभा के बाद कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उइके कमलनाथ से आशीर्वाद लेकर अपने कांग्रेस साथियों के साथ नामांकन फार्म भरेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से उपस्थित रहने अनुरोध किया है।

### 50 लाख के...

कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसएसटी,एफएसटी की टीमों द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है।24 अक्टूबर की रात में थाना प्रभारी अरविन्द कुमरे,पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी दिलीप यादव एवं उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर शोभापुर कालोनी के कालीमाई के बीच में घनश्याम सोनी निवासी केसला जिला नर्मदापुरम को क्रेटा कार सहित पकड़ा जिसके पास सोना चांदी के आभूषण मिलने पर एफएसटी टीम प्रभारी अजीत सिंह ठाकुर के सुपर्द किया गया है।एफएसटी प्रभारी अधिकारी द्वारा सोने चांदी के आभूषण चेक करने के उपरांत उक्त माल पर संदेह होने से एफएसटी अधिकारी द्वारा घनश्याम साहू से सोना एवं चांदी के आभूषण कीमती लगभग 38 लाख रुपए के जप्त कर जांच में लिया गया जिसकी सूचना इनकम टैक्स विभाग बैतूल को दी गई है, उन्होंने बताया कि उक्त आभूषण के दस्तावेज कागजात है कि नहीं इसकी जांच पड़ताल भी की जा रही है। संपूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगे होने की वजह से इतनी बड़ी रकम के आभूषण को लेकर जाना कई तरह के सवालों को जन्म देता दिखाई दे रहा है। सूत्रों का कहना है कि 300 ग्राम सोने के आभूषण के दस्तावेज तो संबंधित व्यक्ति के पास है लेकिन 19 किलो चांदी का कोई हिसाब घनश्याम सोनी देने में असफल साबित होते दिखाई दे रहे हैं।

### दुराचार के आरोपी...

गया। इसी प्रकार आरोपी अंकित को उक्त अपराध में आरोपी अमन का सहयोग कर दुष्प्रेरण करने के अपराध में दोषी पाते हुए धारा 17 पॉक्सो एक्ट समाहित धारा 376/109 भादवि में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5,000 रू. के जुर्माने से दण्डित किया गया है।

## बच्चों के लिए कीजिये विद्यादान,बड़ों के लिये कीजिये सेवादान

**दैनिक मत ⏮ बैतूल**



जिला चिकित्सालय में आयसोलेशन वार्ड में भर्ती अत्यंत गंभीर मरीज को एबी पाज़ीटिव ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर बुधवार एक संदेश पर श्री दीपक कनेरे जी ने एबी पॉज़िटिव ब्लड दिया इस अवसर पर डॉक्टर रानू वर्मा, शैलेन्द्र बिहारिया, मनोहर मालवीय, राजेश बोरखडे ने उन्हें रक्त क्रांति सम्मान से नवाजा डॉक्टर रानू वर्मा ने कहा कि रक्त की आपूर्ति हेतु युवा रक्तदान के लिए आगे आये शैलेन्द्र बिहारिया ने कहा कि जो विद्यादान देता है उसे विधादाता, जो वस्त्रदान देता है उसे वस्त्रदाता और जो धनदान देता है उसे धनदाता कहते है परंतु जो रक्तदान करता है उसे ही जीवनदाता कहा जाता है इसलिए रक्तदाता को विधातास्वरूप भी कहा गया है दीपक कनेरे दीपक की तरह ही रक्तदान का प्रकाश फैला रहे है उंन्होने बुधवार 22 बार रक्तदान किया उंन्होने कहा कि बच्चों के लिए कीजिये विद्यादान, बड़ो के लिये कीजिये सेवादान, समाज के लिये कीजिये योगदान, पर इंसानियत के लिये कीजिए रक्तदान!

## प्रस्तावक ने भरा भाजपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र


**दैनिक मत ⏮ मुलताई**



विधानसभा चुनाव को लेकर नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ है। बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आमसभा होने से व्यस्तता के चलते भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर देशमुख की ओर से उनके प्रस्तावक अशोक कड़वे एवं हरिराम नागले ने रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम के कार्यालय पहुचकर नाम निदेशन पत्र दाखिल किया। रिटर्निंग आफिसर तृप्ति पटैरया ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 129 मुलताई मसे बुधवार को एक नाम निर्देशन पत्र श चंद्रशेखर पिता जानराव देशमुख निवासी परसोडी भाजपा प्रत्याशी की ओर से प्रस्तावक अशोक कड़वे द्वारा जमा किया गया।वहीं चैतन्य पिता जगदीश पवार निवासी मुलताई निर्दलीय,राजेश पिता आनंदराव ठाकरे निवासी मुलताई निर्दलीय,दीपक कुमार पिता इठोबा निवासी मुलताई भाजपा,गुड्डू पिता मुन्ना आहके निवासी डोंगरपुर जयस, मीना पति रमेश गव्हाडे निवासी हिवरखेड भाजपा, देवेश पिता प्रयागराव निवासी प्रभातपटटन निर्दलीय द्वारा नाम निर्देशन पत्र ले गए है। कुल 6व्यक्तियो द्वारा नाम निर्देशन पत्र ले गए है।

## श्रद्धानंद आर्य समाज का 115 वां वेद प्रचार महोत्सव प्रारंभ

**दैनिक मत ⏮ चिचोली**



नगर के बाजार चौक स्थित श्रद्धानन्द आर्य समाज में बुधवार से 115 वे वेद प्रचार महोत्सव का आयोजन प्रारंभ हो गया।

जिसमे अंतराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता एवं भजनोपदेशक हरियाणा की बहन अंजली आर्य, हरिद्वार उत्तराखंड के अंतराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता आचार्य स्वामी सूर्यदेव एवं रोझड़ गुजरात के जाने माने वैदिक प्रवक्ता स्वामी सतानंद सन्यासी एवं कानपूर उत्तर प्रदेश के प्रख्यात आचार्य जय करन शास्त्री के सानिध्य में प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे से 9.30 बजे तक वैदिक यज्ञ समपन्न होंगे एवं प्रातः 9.30 से 12.30 बजे तक भजन व प्रवचन संपन्न होंगे एवं सायंकाल में 7.30 से 10.30 बजे तक भजन व प्रवचन संपन्न होंगे इस पांच दिवसीय महोत्सव का समापन रविवार को होंगा। श्रद्धानन्द आर्य समाज के अध्यक्ष अशोक आर्य व मंत्री संजीव जैस्वाल ने अधिक से अधिक संख्या में पधार कर वेद प्रचार महोत्सव को सफल बनाने का आग्रह किया है।



































Created by demo-version of Universal Document Converter. Full version doesn't add this stamp. WWW.PRINT-DRIVER.COM

# श्रीराम ने चलाया शक्तिबाण और धूं-धूं कर जल उठे रावण और कुंभकर्ण के पुतले

## 55 फीट ऊंचा रावण और 50 फीट कुंभकरण का विशालकाय पुतला दो मिनट में हुआ ढेर



दैनिक मत ⏮ बैतूल

श्री कृष्ण पंजाब सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार शाम को स्थानीय लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पहले शानदार आतिशबाजी की गई जिससे पूरा आसमान रंगीन हो गया। इसी बीच राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। इसके बाद भगवान राम ने अग्निबाण चलाया और देखते ही देखते 55 फीट ऊंचा रावण और 50 फीट कुंभकरण के विशालकाय पुतले धूं-धूं कर जलकर ढेर हो गए। पुतलों का दहन होते ही पूरा स्टेडियम जय-जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समिति पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

इससे पहले शाम 5 बजे बैतूल गंज स्थित पंजाबी श्रीकृष्ण मंदिर से भगवान श्रीराम का विजय जुलूस निकला। भगवान राम के साथ लक्ष्मण और हनुमान जी भी थे। विजय जुलूस में श्री कृष्ण पंजाब सेवा समिति के पदाधिकारी, महिलाएं, युवक-युवतियां, बच्चे और नगरवासी शामिल हुए। विजय जुलूस गंज क्षेत्र से होते हुए लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंचा। युवाओं की टोली डांडिया करते हुए जुलूस के आगे-आगे चलते हुए सभी के आकर्षण का केंद्र बनी रही। विजय जुलूस के स्टेडियम पहुंचने पर वहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय-जय श्रीराम के उद्घोष के साथ भगवान राम की आगवानी की। इससे पहले से ही स्टेडियम में शानदार रंगीन आतिशबाजी शुरू हो गई थी। हजारों लोग बच्चों और परिवार के साथ यहां पहुंचे थे। वे मंत्रमुग्ध होकर आतिशबाजी का आनंद उठाते रहे। स्टेडियम में राम-रावण युद्ध के मंचन को दिखाए जाने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। जिससे सीधा प्रसारण मैदान में किया जा रहा था।

## युद्ध में श्रीराम से बाण से मारा गया रावण




**भैंसदेही।** रामलीला के अंतिम दिन सबसे पहले मेघनाद युद्ध मे विजय पाने के लिये निकुंबला देवी के मंदिर मे यज्ञ करता है। जिसका पता गुप्तचर द्वारा विभीषण को लग जाता है तब विभीषण श्रीराम से कहते है की यदि मेघनाद का यज्ञ सफल हो गया तो वह अजेय हो जायेगा उसे कोई नहीं मार पायेगा इसलिए प्रभु उसका यज्ञ विध्वंस करना पड़ेगा। तब लक्ष्मण के साथ विभीषण हनुमान सेना के साथ निकुंबला मंदिर जाकर यज्ञ विध्वंस करते है और युद्ध के लिये ललकारते है लक्ष्मण और मेघनाद मे घनघोर युद्ध होता है और अंत मे मेघनाद मारा जाता है। ज़ब यह खबर रावण को लगती है तब रावण पाताल पूरी निवासी अही रावण एवं मही रावण को पुकारते है रावण की पुकार सुनकर अही मही अपने पिता रावण के पास आते है। रावण उन्हें सारी बात बताता है तब अही मही रावण बदला लेने के लिये राम लक्ष्मण को बंदी बनाकर पाताल पूरी लेकर जाते है और देवी को बलि चढ़ाने की तैयारी करते है। इधर हनुमान जी को पता लगता है की राम लक्ष्मण को अही मही रावण बंदी बनाकर पाताल ले गया है तब हनुमान जी पाताल पूरी पहुँच जाते है। और देवी का रूप रखकर देवी के स्थान पर बैठ जाते है अही मही रावण देवी की बहुत पूजा करते है और कहते है की आज हम पर देवी बहुत प्रसन्न है। बलि चढ़ाने से पहले अही मही रावण श्रीराम से कहते है की कोई अंतिम इच्छा हो तो बोलो इसी समय श्रीराम हनुमान को याद करते है और प्रकट होने के लिये कहते है उनकी पुकार सुनकर हनुमान जी प्रकट हो जाते है और अही मही रावण से युद्ध कर उन्हें युद्ध मे मार डालते है।

वहाँ से हनुमान जी राम लक्ष्मण को वापस लेकर आते है इसके बाद रावण स्वयं युद्ध करने आता है और अंतिम चरण मे राम रावण युद्ध होता है। रावण नाना प्रकार की माया से युद्ध करता है श्रीराम रावण को मारने की बहुत कोशिश करते है लेकिन रावण मरता ही नहीं है तब विभीषण श्रीराम को बताते है की प्रभु रावण के नाभि कुंड मे अमृत है कृपया आप नाभि कुंड को सूखा दीजिए तब रावण मर पायेगा। यह सुनते ही रावण कहता है की तुम्हारी इस करतूत से आज के बाद कोई भी अपना नाम विभीषण नहीं रखेगा। श्रीराम अग्नि बाण से रावण के नाभि कुंड को सूखा देते है जिसके कारण रावण मारा जाता है रावण के प्राण त्यागने से पहले श्रीराम लक्ष्मण को रावण के पास नीति की शिक्षा सीखने के लिये भेजते है रावण भलिभाती लक्ष्मण को शिक्षा देते है इसके बाद रावण राम से कहता है की प्रभु मै पहले ही जान गया था की आप विष्णु का अवतार हो इसीलिए मैंने हठ पूर्वक आप से बैर कर अपने कुल को तार लिया और अब मै आपके धाम को जा रहा हूँ । और रावण राम के धाम को चला जाता है इसके बाद राम विभीषण का राजतिलक लक्ष्मण से करवाकर लंका का राज्य देते है। इसके बाद राम लक्ष्मण सीता सहित अयोध्या आते है। इसी के साथ चौदह वर्ष का वनवास भी पूर्ण हो जाता है और अयोध्या आने पर राम का राज्याभिषेक भी होता है इसी के साथ बड़ी ख़ुशी से अयोध्या वासी उत्साह के साथ गाते है की घर आये लक्ष्मण राम पूरी आनंद भयो मेघनाद का सुन्दर अभिनय नरेन्द्र सोनी द्वारा किया गया एवं अही माहि रावण का मायावी अभिनय गणेश राय एवं सोनू तिवारी द्वारा किया गया। जिसकी तारीफ दर्शकों द्वारा की गई अंतिम दिन की रामलीला देखने दर्शक आखरी तक उपस्थित रहे एवं राज्याभिषेक की ख़ुशी मे रामलीला मंडल की तरफ से हर किसी को मिष्ठान भी बाटा गया।

## रंगारंग आतिशबाजी के साथ रावण का हुआ दहन



सारनी। पाथाखेड़ा स्व. अटल बिहारी वाजपेई दशहरा मैदान पर 61 फीट के रावण का दहन किया गया। वही रावण दहन से पूर्व भाजपा प्रत्याशी डॉ योगेश पंडाग्रे ने पाथाखेडा फुटबॉल ग्राउंड की दुर्गा प्रतिमा दर्शन कर विधानसभा क्षेत्र में सुख,समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी डां योगेश पंडाग्रे के साथ नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वरिष्ठ भाजपा नेता जीपी सिंह,मंडल नागेन्द्र निगम, पार्षद मो 0 ताहिर,मंडल महामंत्री प्रकाश शिवहरे, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद योगेश बरडे,श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष छविनाथ भारव्दाज ने सद्भावना दुर्गा पूजा उत्सव समिति के सदस्यों से मुलाकात कर विजयदशमी पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान समिति के सदस्य लक्ष्मण साहू,संजय प्रजापति,प्रदीप बाबू झा एवं कैलाश पाटिल ने उपस्थित सभी अतिथियों का अंग वस्त्र भेंट देकर स्वागत सम्मान किया। भाजपा प्रत्याशी विधायक डा योगेश पंडाग्रे ने मां दुर्गा प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया। सद्भावना समिति द्वारा आयोजित नृत्य को भी देखा।

रावण दहन कार्यक्रम को देखने का इतना उत्साह था की लगभग 5000 हजार के जनसमुदाय ने उपस्थित होकर रावण दहन कार्यक्रम का आंनद लिया। वैसे तो यह रावण दहन कार्यक्रम पिछले 18 वर्षों प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष पाथाखेड़ा में विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सारनी तथा पाथाखेडा के अटल बिहारी वाजपेई फुटबॉल ग्राउंड दशहरा मैदान में सद्भावना नव दुर्गा उत्सव समिति व्दारा नौ दिनों से मां दुर्गा की आराधना के साथ ही दशहरे पर 61 फीट के अंहकारी रावण के पुतले का दहन किया गया। जिसके बाद पटाखों का दौर शुरू हुआ और देशी रंगबिरंगी आतिशबाजियाँ लगभग एक घंटे तक चलती रही। उसके बाद आतिशबाजी खत्म होने के बाद नपा अध्यक्ष किशोर बरदे को देते हुऐ कहा कि रावण दहन बुराई से अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हम सभी को रावण की तरह बुराई से दूर रहकर अच्छाई के मार्ग पर चलना चाहिए। उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष किशोर बरदे एवं भाजपा नेता जीपी सिंह ने रावण पुतले के समक्ष भी उसकी पूजा अर्चना की। और नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे द्वारा चलाये गये तीर के लगते ही अहंकारी रावण धूं-धूं कर जलने लगा और करीब एक घंटा जलने के बाद रावण जल कर खाक हो गया।

जबकि रावण दहन कार्यक्रम में देखने के लिए शाहपुर,चोपना, घोड़ाडोंगरी सारनी नगरीय निकाय एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग पाथाखेड़ा दशहरा मैदान में पहुंचे थे। पूरा फुटबॉल ग्राउंड दशहरा मैदान आम जनता की भीड़ ने रावण दहन कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। वही कुछ लोग अपने मोबाइल से रावण दहन के सुनहरे पल को अपने मोबाइल में कैद करने से ही नहीं चुके। भीड़ को काबू करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी काफी सख्त दिखाई दिया। और आगजनी की घटना से निपटने के लिए नगर पालिका सारनी अपने कर्मचारियों के साथ दमकल वाहन मौजूद रहे। इसके साथ ही रावण दहन प्रांगण में जगह जगह पर सुरक्षा को मद्देनजर पुलिस प्रशासन पुलिस बल तैनात किया था। मंच का संचालन पत्रकार कैलाश पाटिल द्वारा किया गया। जबकि आभार व्यक्त सद्भावना दुर्गा पूजा उत्सव समिति के सदस्य लक्ष्मण साहू, संजय प्रजापति,प्रदीप बाबू झा द्वारा किया गया। वही इस अवसर पर सद्भावना उत्सव समिति के लक्ष्मण साहू, संजय प्रजापति,प्रदीप बाबू झा,सिद्धनाथ साहू, शिवकुमार साहू, शिवनाथ साहू, भोजराज,पत्रकार कैलाश पाटिल, पंडित मिथिलेश द्विवेदी सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्य तथा लोग मौजूद थे।

प्लाट उपलब्ध है
आमला रोड बैतूल से बाजपुर रेलवे फीटर के पास कालोनी में डायवर्टेड प्लाट
एरिया 1218 वर्गफुट मात्र
आदिवासी ही सम्पर्क करें
नवीन उइके, राजकुमार वामनकर
8225979056, 7748049937

एकता बोरवेल
हमारे यहां 4 1/2", 6 1/2", 7 1/2"
बोर खनन एवं टेलीस्कोप ट्यूबवैल किए जाते हैं
भोजराज माकोड़े
ड्रीलिंग कांट्रेक्टर
प्रकाश देशमुख 9406547397
देवेन्द्र माकोड़े 9424422770
पता: पंचायत कॉम्पलेक्स, शॉप नं. 1 वर्मा पेट्रोल पम्प के पास बडोरा चौक बैतूल
मो. 9424429757, 7000294482

शुद्ध
"पेयजल की शुद्धता"
ONE STOP SOLUTION FOR YOUR WATER PROBLEMS
RANGE OF PRODUCTS
● ALKALINE WATER PURIFIER
● IONIZER
● WATER SOFTNERS
● WATER COOLERS
● COMMERCIAL RO PLANTS
● INDUSTRIAL RO PLANTS & RO SPARE PARTS.
WATER SOFTNER
RAGHAV ENGINEERING WORKS
RAGHAV AGRAWAL 7803880222
RAHUL AGRAWAL 9425002985
M.P.I.D.C Kosmi, (Betul) (460001)
Bittan Market, Opposite Habibganj Thana, Bhopal (462001)
shuddhro@gmail.com
www.shuddhro.com

RAJTILAK CINEMA
राजतिलक मल्टीस्क्रीन
गोकुल ट्रेट सेंटर बैतूल गंज होटल लैंडमार्क के सामने गंज बैतूल
AUDI-1
12:30pm
03:30pm
06:30pm
09:30pm
Online BookmyShow Paytm
AUDI-2
12:15pm
06:15pm
AUDI-2
03:15pm
09:15pm
Online BookmyShow Paytm
Booking No.. 8085337475
LEO
GANAPATH
OFFICIAL TRAILER
TIGER NAGESWARA RAO
20 OCTOBER 2023

गुडलक स्टोर्स
गुडविल कॉम्पलेक्स, कोठीबाजार बैतूल
9425635114
सोफा बनाने का सारा सामान उपलब्ध है।
जहां आप पाएंगे एक से बढ़कर एक नई वेरायटी के
तैयार पर्दे, सोफा, कव्हर, रूमाल, दीवान की चादरे पीवीसी कारपेट और गलिचा एवं इत्यादी की
ब्रांडेड कम्पनी कर्लान एवं सेंचुरी के फोम थोक रेट में उपलब्ध है।
विशाल और भरपूर रेंज

Betul POP Center
Authorised Dealer
Deals in: All Type of Celling material Gypsum Board, channel, POP, P.V.C. Pannel, T-Celling, 2X2 Celling Hardware (Retail & Wholesale) Material Supplier
SAINT-GOBAIN
USG BORAL INNOVATION INSPIRED BY YOU.
DESIGNPRO CEILINGS
Con: Jay Dhote- 9755762039

आहुजा इलेक्ट्रिकल्स
POLYCAB
HAVELLS
ANCHOR by Panasonic
PHILIPS
orient
LG Life's Good
MICROTEK
SYSKA LED
MARU
Symphony
V-GUARD STABLIZERS
Ph. 07141 - 231054
Cement Road, Kothi Bazar, Betul (M.P.)

भावसार स्टोन क्रेशर
सभी प्रकार की गिट्टी उपलब्ध है
संपर्क: 9425002405, 9300367878

Created by demo-version of Universal Document Converter. Full version doesn't add this stamp.
WWW.PRINT-DRIVER.COM

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने 4 प्रत्याशी और बदले

## सुमावली-बड़नगर में विधायकों के विद्रोही तेवर, पिपरिया-जावरा में स्थानीय मुद्दे से बैकफुट पर पार्टी

भोपाल। मध्यप्रदेश में कांग्रेस ने चौथी सूची जारी कर 4 सीटों पर प्रत्याशी बदल दिए हैं। तीन बार में 230 प्रत्याशियों की घोषणा के बाद हो रहे विरोध, प्रदर्शन और बगावत को देखते हुए पार्टी ने ये फैसला लिया है।

कांग्रेस ने सुमावली (मुरैना) में कुलदीप सिकरवार की जगह मौजूदा विधायक अजब सिंह कुशवाह, पिपरिया (नर्मदापुरम) में गुरुचरण खरे की जगह वीरेंद्र बेलवंशी, बड़नगर (उज्जैन) में राजेंद्र सिंह सोलंकी की जगह विधायक मुरली मोरवाल और जावरा (रतलाम) में हिम्मत श्रीमाल की जगह वीरेंद्र सिंह सोलंकी को उम्मीदवार बनाया है।

इससे पहले दूसरी सूची में कांग्रेस ने 3 प्रत्याशी (नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव, शिवपुरी जिले की पिछोर और दतिया सीट) बदले थे। आज जिन 4 प्रत्याशियों को बदला गया है, उनके नाम 6 दिन पहले जारी दूसरी सूची में थे। अब तक कांग्रेस 7 सीटों पर प्रत्याशी बदल चुकी है।

**सुमावली: अजब सिंह कुशवाह ने बसपा जॉइन कर ली थी:** इस विधानसभा सीट पर मौजूदा विधायक अजब सिंह कुशवाह का टिकट काटकर कांग्रेस ने कुलदीप सिकरवार को प्रत्याशी बनाया था। इस फैसले के बाद अजब सिंह कुशवाह ने कांग्रेस छोड़कर बसपा जॉइन कर ली थी। विधायक के विद्रोही तेवरों को देखकर कांग्रेस ने फिर अजब सिंह कुशवाह को मौका दिया है। कुशवाह मौजूदा विधायक हैं।

**पिपरिया: गुरुचरण को टिकट देने पर 12 दावेदार विरोध में थे:** इस सीट पर कांग्रेस ने गुरुचरण खरे को उम्मीदवार घोषित किया था। उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से ही 12 स्थानीय दावेदार विरोध कर रहे हैं। गुरुचरण छिंदवाड़ा के रहने वाले हैं, इसी को मुद्दा बनाकर उनका विरोध किया जा रहा था। ऐसे में कांग्रेस ने यहां उम्मीदवार बदलकर पूर्व जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र बेलवंशी को टिकट दिया है।

**जावरा: कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोपाल तक जताया था विरोध:** यहां कांग्रेस ने हिम्मत श्रीमाल को प्रत्याशी बनाया था। श्रीमाल का कांग्रेस के कई दावेदार विरोध कर रहे थे। इन्होंने भोपाल में भी मोर्चा खोल रखा था। इसी असंतोष को खत्म करने के लिए श्रीमाल को हटाकर वीरेंद्र सिंह सोलंकी को मौका दिया गया है।

**पूर्व डिप्टी कलेक्टर बांगरे बोलीं- टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय लडूंगी:** बैतूल जिले की आमला सीट से कांग्रेस ने तीसरी सूची में मनोज मालवे को उम्मीदवार बनाया है। यहां से पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे दावेदारी कर रही हैं। वे आज कमलनाथ से भी मुलाकात कर सकती हैं। उन्होंने कहा है कि कमलनाथ से मिलकर उनका रुख पूछूंगी। टिकट नहीं मिलता है तो निर्दलीय चुनाव लडूंगी।

**बड़नगर: स्थानीय नेताओं के विरोध पर पलटा फैसला:** उज्जैन जिले की बड़नगर सीट से कांग्रेस ने दूसरी लिस्ट में राजेंद्र सिंह सोलंकी का नाम घोषित किया था। बेटे पर रेप के आरोप की वजह से मुरली मोरवाल को टिकट गंवाना पड़ा था। लेकिन, स्थानीय नेताओं के विरोध के बाद पार्टी ने अपना फैसला पलटा है। यहां एक बार फिर मोरवाल पर विश्वास जताया गया है। साभार




## आहूजा परिवार ने किया भगवान श्रीराम के जुलूस का स्वागत

दैनिक मत मतांतर बैतूल। दशहरा पर्व पर श्रीकृष्ण पंजाबी मंदिर से निकाले गए भगवान श्रीराम के विजयी जुलूस का आहूजा परिवार द्वारा अपने प्रतिष्ठान आदित्य होंडा शो रूम में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आहूजा परिवार के हरवंश आहूजा, राजेश आहूजा, राकेश आहूजा ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण की आरती उतारी। इस मौके पर पत्रकार बलवंत धोटे, मयूर भार्गव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## जैन स्थानक भवन में 75 सामूहिक एकासना तप के प्रत्याखान हुए

बैतूल। जैन स्थानक में प.पू.वचन सिद्धि साधक पार्श्वचंदजी की म.सा. की सुशिष्या बिंदुप्रभाजी म.सा. की निश्रा में नंदकुवरजी की 29वीं पुण्यतिथि के अवसर पर त्रि-दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रावक सतीश पारख ने बताया प्रथम दिवस पर हरियाणा सिंहनी प.पू. संयम प्रभाजी की पुण्य स्मृति में उनके जीवन का गुणानुवाद किया गया और उनके बैतूल प्रवास के समय उनके द्वारा बैतूल में जैन धर्म का प्रचार प्रसार, लोगों के प्रति धर्म भावना किस प्रकार प्रज्वलित की गई इस पर धनराज पगारिया व श्रीमती कमला गोठी ने प्रकाश डाला। इसके बाद सामूहिक एकासना तप हुए जिसमें 75 सामूहिक एकासना तप के प्रत्याखान हुए। इस अवसर पर स्थानक भवन पूर्ण रूप से श्रावक श्राविकाओं से भरा हुआ था। म.सा. बिंदु प्रभाजी, श्रीजी सभी तपस्वियों को सामूहिक प्रत्याखान करवाए।

## अजय भार्गव पंचतत्व में विलीन



बैतूल। राज मेडिकल स्टोर एवं भार्गव प्रिंटिंग प्रेस के संचालक विजय भार्गव के छोटे भाई, दवा व्यवसायी राजीव भार्गव के बड़े भाई, प्रिंटिंग प्रेस व्यवसायी आदित्य भार्गव के पिता अजय भार्गव (अज्जू) का बुधवार प्रात: 5.30 बजे निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को प्रात: 12 बजे गंज मोक्षधाम में किया गया। अंतिम यात्रा उनके गंज स्थित निज निवास से निकाली गई। मुखाग्नि उनके इकलौते पुत्र आदित्य ने दी। स्व.भार्गव को जिले के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पत्रकारों, चिकित्सकों, व्यापारियों, राजनेताओं, ईष्टमित्रों, सामाजिक बंधुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भार्गव सभा बैतूल ने भी अजय भार्गव के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## परंपरागत लाठी प्रतियोगिता में छात्राओं ने क्रिया उत्कृष्ट प्रदर्शन



दैनिक मत ⏮ चिचोली

पिछले दिनों उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय परंपरागत लाठी चालन एवं मलखंब व्यायाम प्रतियोगिता में कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल चिचोली की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है. कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की खेल प्रशिक्षक विजया गहलोत ने बताया कि उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय परंपरागत लाठी चालन प्रतियोगिता में विद्यालय की ओर से कक्षा दसवीं की छात्रा कशिश नारायण शर्मा और 11वीं की छात्रा नीति सुभाष यादव ने भाग लिया.

इन दोनों छात्राओं ने लाठी चालन मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता मे कांस्य पदक हासिल किया. छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डीके केलकर,विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीके शर्मा, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ और विशेष रूप से इन छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करने वाली नगर की समाजसेविका रेखा पंडागरे ने बधाई दी है.

## 2121 दीपकों से होगी माँ भवानी की महाआरती



दैनिक मत ⏮ आठनेर

श्री महावीर देवस्थान माँ भवानी शंकर मंदिर में आगामी 31 अक्टूबर को माँ कालका भवानी महामाई की महाआरती का महाआयोजन मंदिर समिति के अध्यक्ष एवम सर्वराकार (मालगुजार) हनुमंतराव देशमुख की अगुआई में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

अवगत करा दें कि सर्वजन सुख स्मृद्धि की कामना से की जानेवाली माँ महामाई की महाआरती का यह 10 वाँ वर्ष है उक्ताशय में मंदिर समिति के अध्यक्ष हनुमंतराव देशमुख ने बताया कि इस बार 2121 दीपकों से माता भवानी महामाई की महाआरती की जायेगी। श्री देशमुख ने समस्त धर्मावलंबियों से अपील की है कि 31 अक्टूबर को महाआरती हेतु आप अपने घर से ही आटे के दीपक बनाकर रात्रि 8 बजकर 15 मिनिट तक माँ भवानी के दरबार महाआरती में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएं, माँ भवानी आपकी सर्वमनोकामना पूर्ण करेगी। माँ भवानी के भक्तों से सादर आग्रह है कि माँ कालका भवानी की महाआरती का शुभारम्भ रात्रि सवा आठ बजे होगा आप कृपया समयपूर्व दरबार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे तो अतिउत्तम होगा।

## डीजे के साथ निकली मां दुर्गा की झांकी



दैनिक मत ⏮ दामजीपुरा

मंगलवार को माता रानी को आतिशबाजी और जयघोष लगाते हुए सैकड़ों भक्तों ने आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गे की प्रतिमाओं को विदाई दी।

नवरात्र महापर्व के अंतिम दिन मैय्यारानी की प्रतिमाओं के साथ आकर्षक झांकियां ग्राम में विभिन्न चौक चौराहों पर निकाली गई। रंग-गुलाल उड़ाते भक्त एक-दो-तीन चार दुर्गा जी की जय-जयकार के जयघोष लगाते हुए नृत्य करते चल रहे है। शारदेय नवरात्र में जगत जननी मातारानी को विराजित कर नौ दिनों तक अपने सामर्थ्य के अनुसार उपासना करने के पश्चात भक्तों ने मंगलवार नम आंखों से मातारानी को प्रतिमाओं को विसर्जित किया। नदी घाटों में प्रतिमाओं का विसर्जन करने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था। हर तरफ उत्साह और उमंग का वातावरण बना हुआ था। माता रानी के भक्त झांकियां सजाकर प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल से जा रहे थे। पिछले नौ दिनों से श्रद्धा भक्ति के साथ उपासना लगातार आदिशक्ति माँ दुर्गे की सेवा का सिलसिला चल्लयमान था और जैसे-जैसे पर्व समाप्ति की ओर बढ़ रहा था वैसे-वैसे भक्तों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। दामजीपुरा जावरा सहित क्षेत्र में प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर सुबह से ही शुरू हो गया था, और देर रात तक भक्त गाजे-बाजे के साथ आबाजी करते हुए जल में प्रतिमाएं विसर्जित की गई। डी जे की धुन पर नाचते हुए भक्तों की टोली मैम्यारानी की झांकी के सामने चल थी तो कहीं बच्चों और युवा गुलाल उड़ाकर मुक्तकंठ से माता के जयकारे लगा रहे थे, मैय्यारानी की भक्ति में महिलाएं भी अधिक संख्या में मातारानी को विदाई देने के लिए उपस्थित रहीं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पनी गार्डन के पीछे ग्राम टिकारी में खसरा नं. 819 स्थित है। खसरा नं. 819 में कुछ भाग लक्ष्मी नारायण वर्मा ने श्रद्धा राठौर को विक्रय की है ना तो बंटवारा कराया ना ही अन्य पक्षकारों से सम्मती ली जिसके संबंध में सिविल न्यायालय बैतूल के प्रकरण क्रमांक 43/19 सुरेन्द्र वि. श्रद्धा राठौर विचाराधीन है। खसरा नं. 819 में कमला वि सुंदरलाल प्रकरण क्रमांक एसए 710/2019 विचाराधीन है जिसमें हाइकोर्ट द्वारा स्टे प्रदान किया गया है जिसमें खरीदी बिक्री और नामांतरण पर स्टे लगा हुआ है।

श्रद्धा राठौर ने 819 खसरे की जमीन खसरा 819/49 से संबंधित विक्रय करने संबंधी सौदा चल रहा है। हाईकोर्ट में स्टे की जानकारी एवं आपत्ति उपपंजीयन कार्यालय में दी जा चुकी है। अत: इस सूचना से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा नं. 819 बटे 819/49 की जमीन कोई भी क्रय न करें अन्यथा उनके विरूद्ध कनटेम आफ कोर्ट की कार्यवाही की जायेगी।

सुरेन्द्र वर्मा
पिता श्री सुंदरलाल वर्मा,
अम्बेडकर वार्ड टिकारी बैतूल
मोबा. 9406550818
















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक मुद्रक बलवंत धोटे द्वारा धोटे ऑफसेट प्रिंटर्स कारगिल चौक बैतूल से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय कारगिल चौक सदर बैतूल से प्रकाशित। सम्पादक बलवंत धोटे समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिये क्षेत्राधिकार बैतूल न्यायालय ही होगा। कार्यालय कारगिल चौक सदर बैतूल फोन-230254,9425002727,9425402707,आरएनआई/3414/2000/संपादक मंडल- संपादक बलवंत धोटे, संस्थापक प्रमोद दुबे, प्रबंध संपादक अशोक दुबे, उप संपादक सतीश पटने, स्थानीय संपादक पंकज धोटे

Created by demo-version of Universal Document Converter. Full version doesn't add this stamp.
WWW.PRINT-DRIVER.COM